गतिविधि 10. नीचे ग्रिड में हमारे शरीर के अंगो के नाम छिपे हुए हैं आपको उन्हें ढूँढना है और सामने लिखना है–

हा	ल	क	म	र
थ	स	दां	त	म
जी	ना	क	तौ	प
पै	सा	ह	का	न
र	टे	ऊँ	ग	ली

हाथ..

....

....

....

....

गतिविधि 11. बच्चों हम हाथी के बारे में एक और मजेदार कविता पढ़ते हैं फिर आपको भी ऐसे ही कोई मजेदार कविता बनानी है।

हाथी दादा पहन लबादा,
पहुंच गए बाजार ।
जूतों की दुकान देख कर,
मांगे जूते चार ।
भालू जूते वाला बोला,
बड़ा तुम्हारा नाप
इतने बड़े न बनते जूते,
दादा कर दो माफ ।

अपनी बनाई हुई कविता यहां लिखें

गतिविधि 12. बच्चों आपने हाथी की सवारी की हो या न की हो लेकिन गाड़ी की सवारी जरुर की होगी, क्यों सही कहा न ? तो अब हम इस गाड़ी को अपने पसंदीदा रंगों से सजायेंगे, याद है न जैसे हमने हाथियों को सजा हुआ देखा था वैसे ही गाड़ी को भी सजाएँ।



गतिविधि 13. बच्चों चित्रों को देखते हुए आपको इस कहानी को पूरा करना है।

एक टोपी वाला जंगल के रास्ते जा रहा था चलते चलते उसे थकान लगी और वह पेड़ के नीचे सो गया	उस पेड़ पर बहुत बंदर थे उन्होंने उसकी सारी टोपियां पहन ली

वर्कशीट निर्माता–त्रिविक्रम पंवार, मंजू भारती, प्रभा बिष्ट, मीना सजवान, संजीव गोश्वामी, ज्योति शुक्ला, अमित कूर्माचली, आशीष गोश्वामी — ब्लाक– उखीमठ, रुद्रप्रयाग

तकनीकी सहयोग — रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट

कक्षा–1, वर्कशीट-22 (साप्ताहिक)

पाठ– 22 (हाथी चल्लम चल्लम)

बच्चे का नाम..........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम....................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. हाथी चल्लम चल्लम अभिभावक बच्चों से नीचे दिए हुए चित्रों पर बातचीत करें, और पूछे कि चित्रों में क्या हो रहा है? लोग हाथी की पीठ पर क्यों बैठे हैं? हम और किन किन जानवरों की सवारी करते हैं? आप ने कभी किसी जानवर की सवारी की है, उसके बारे में बताओ। हाथी सवारी कराने के अलावा और क्या क्या काम करता है? हाथी जंगल में रहता है? आपने हाथी कहाँ देखा है? इन हाथियों को सजाया किसने होगा?

गतिविधि 2. राजा महाराजा पहले हाथी, घोड़ों की सवारी किया करते थे, नीचे दिए गए जानवरों में से आप किस – किस की सवारी कर सकते हो, उन पर सही का निशान लगाओ।

जिराफ	ऊँट	घोड़ा	जेबरा

गतिविधि 3. *दिए गए चित्र में हाथी के अंगो के नाम लिखो–*



गतिविधि 4. *अभिभावक, बच्चों के साथ कविता को हाव भाव के साथ पढ़े औए गाएं।*

22. हाथी चल्लम चल्लम

हल्लम हल्लम हौदा, हाथी चल्लम चल्लम,
हम बैठे हाथी पर, हाथी हल्लम हल्लम।
लंबी लंबी सूँड़ फटाफट, फट्टर फट्टर
लंबे लंबे दाँत खटाखट, खट्टर खट्टर।
भारी भारी मूँड़ मटकता, झम्मम झम्मम,
हल्लम हल्लम हौदा, हाथी चल्लम चल्लम।
पर्वत जैसी देह थुलथुली, थल्लल थल्लल
हालर हालर देह हिले, जब हाथी चल्लल
खंभे जैसे पाँव धपाधप, बढ़ते धम्मम,
हल्लम हल्लम हौदा, हाथी चल्लम चल्लम।
हाथी जैसी नहीं सवारी, अग्गड़-बग्गड़
पीलवान पुच्छन बैठा है, बाँधे पग्गड़
बैठे बच्चे बीच सभी हम, डग्गम डग्गम,
हल्लम हल्लम हौदा, हाथी चल्लम चल्लम।
दिन भर घूमेंगे हाथी पर, हल्लर हल्लर
हाथी दादा, ज़रा नाच दो, थल्लर थल्लर
अरे नहीं, हम गिर जाएँगे धम्मम धम्मम,
हल्लम हल्लम हौदा, हाथी चल्लम चल्लम।

गतिविधि 5. *कविता में कुछ शब्द एक ही साथ दो बार आए हैं जैसे चल्लम चल्लम – ऐसे ही कुछ और शब्दों को कविता में से ढूंढ़कर कर लिखिए–*

....
....
....

गतिविधी 6. *नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं, इन चित्रों को ध्यान से देखो और इनके नामों में आने वाली पहली आवाज को सही वर्णों से मिलाएं –*

ध

ह

थ

गतिविधी 7. *निम्नलिखित वर्णों को पहचान कर लिखने का अभ्यास करें।*

थ	थ						
ह	ह	ह					
ध	ध	ध					

गतिविधी 8. *वर्णों को मिलाकर शब्द बनायें।*

इ ध र → ☐

आ ह त → ☐

थ र म स → ☐

गतिविधी 9. *अभिभावक बच्चों को निम्नलिखित शब्दों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें और मदद करें।*

चल्लम चल्लम, हल्लम हल्लम, बग्गड़ बग्गड़, पग्गड़ पग्गड़,

चल्लर चल्लर, हल्लर हल्लर, चल्लल चल्लल, थल्लल थल्लल